FIRST INFORMATION REPORT
(Under Section 154 Cr.P.C.)
(प्रथम सूचना रिपोर्ट)
(धारा 154 दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत)

1. **District (जिला):** ACB DISTRICT **P.S. (थाना):** C.P.S Jaipur **Year (वर्ष):** 2024

2. **FIR No. (प्र.सू.रि.सं):** 0073 **Date and Time of FIR (एफआईआर की तिथि/समय):** 07/05/2024 13:01 बजे

S.No. (क्र.सं.)	Acts (अधिनियम)	Sections (धाराएँ)
1	भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित)	7
2	भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित)	7A
3	भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित)	12

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**
   1. **Day(दिन):** दरमियानी दिन **Date From (दिनांक से):** 12/12/2023 **Date To (दिनांक तक):** 15/12/2023
   Time Period (समय अवधि): पहर **Time From (समय से):** 15:00 बजे **Time To (समय तक):** 17:30 बजे

   (b) **Information received at P.S. (थाना जहाँ सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 07/05/2024 **Time (समय):** 10:15 बजे

   (c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ) :** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 001 **Date & Time (दिनांक एवं समय)** 07/05/2024 13:01:02 बजे

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** लिखित

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**
   1. (a) **Direction and distance from P.S. (थाने से दिशा और दूरी):** NORTH, 200 किमी **Beat No. (बीट सं.) :** NOT APPLICABLE

   (b)**Address(पता):** KOTKASIM DISTRICT KHERTHAL, TIJARA

   (c **In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर हैं तो)**

   Name of P.S (थाना का नाम): **District(State) (जिला (राज्य)):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name(नाम):** GAJRAJ SINGH YADAV

(b) **Father's Name (पिता का नाम):** RAMJEEVAN

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि/ वर्ष):** 1959 **(d)Nationality(राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No(यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**
Date of Issue (जारी करने की तिथि): **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g) **Id details (Ration Card,Voter ID Card,Passport,UID No.,Driving License,PAN) (पहचान विवरण(राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र,पारपत्र,आधार कार्ड सं,ड्राइविंग लाइसेंस,पैन)):**

S.No.	Id Type	Id Number

(h) **Occupation (व्यवसाय):**

(i) **Address(पता):**

S.No. (क्र. सं.)	Address Type (पता का प्रकार)	Address (पता)
1	वर्तमान पता	65 FF, OMAEX MHENDRA CITY, NEAR BHIWARI, ALWAR, RAJASTHAN, INDIA
2	स्थायी पता	VILLAGE POST KHANPUR AHEER, KOTKASIM, ALWAR, RAJASTHAN, INDIA

(j) **Phone number (दूरभाष न.):** **Mobile (मोबाइल न.):** 91-9799265858

7. **Details of known/suspected/unknown accused with full particulars (ज्ञात/संदिग्ध/अज्ञात अभियुक्त का पुरे विवरण सहित वर्णन):**

Accused More Than(अज्ञात आरोपी एक से अधिक हो तो संख्या):

S.No. (क्र.सं.)	Name (नाम)	Alias (उपनाम)	Relative's Name (रिश्तेदार का नाम)	Address (पता)
1	GYANIRAM BABA		पिता:Na Malum	1. BHUDHI BAWAL,खैरथल-तिजारा, RAJASTHAN,INDIA
2	RAJARAM YADAV		पिता:Na Malum	1. NA MALUM,खैरथल-तिजारा, RAJASTHAN,INDIA
3	VIKREM SINGH		पिता:Na Malum	1. NA MALUM,खैरथल-तिजारा, RAJASTHAN,INDIA
4	RAMKISHOR MEENA		पिता:Na Malum	1. SDM KOTKASIM,ALWAR,RAJASTHA

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant/informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

9. **Particulars of properties of interest (Attach separate sheet, if necessary)**
(सम्बन्धित सम्पत्ति का विवरण(यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):

S.No. (क्र.सं.)	Property Category (सम्पत्ति श्रेणी)	Property Type (सम्पत्ति के प्रकार)	Description (विवरण)	Value(In Rs/-) (मूल्य(रु में))
1	सिक्के और मुद्रा	रुपये	रिश्वती राशि तेरह लाख पचास हजार रूपये	13,50,000.00

10. **Total value of property stolen(In Rs/-)**
(चोरी हुई संपत्ति का कुल मूल्य(रु में)): 13,50,000.00

11. **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण न., यदि कोई हो):**

S.No. (क्र.सं.)	UIDB Number (यू.आई.डी.बी. संख्या)

12. **First Information contents (Attach separate sheet, if necessary)**
(प्रथम सूचना तथ्य(यदि आवश्यक हो , तो अलग पृष्ठ नत्थी करे)):

हालात इस प्रकार से अर्ज है कि दिनांक 15.12.2023 को परिवादी गजराज सिंह यादव पुत्र श्री रामजीवन ग्राम पोस्ट खानपुर अहीर तहसील कोटकासिम जिला अलवर हाल 65 एफएफ, ओमेक्स महेन्द्रा सिटी नियर भिवाडी जिला अलवर मोबाईल नम्बर 9799265858 ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर नगर द्वितीय जयपुर को एक लिखित रिपोर्ट पेश की कि श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसीबी जयपुर, विषयः-रिश्वत लेते हुऐ पकडाने के लिए, महोदय निवेदन है कि मेरे पिता श्री रामजीवन जी so रामधन जी द्वारा वर्ष 2010 मे उपखण्ड अधिकारी कोटकासिम न्यायालय मे हमारी पुस्तेनी जमीन दुरूस्तीकरण हेतु वाद दायर किया था। मेरे पिता की मृत्यु के पश्चात यह वाद मेरे नाम से एवं दो भाईयों के नाम से स्थान्तरित हो चुका है। जिसका मुकदमा नम्बर 46 है। मैं इस मुकदमें मे पैरवी के सिलसिले मे कोटकासिम जाता रहता हूं। कोटकासिम मे SDM Office के पास दुकान करने वाले मेरे परिचित राजाराम यादव और बूढी बावल के रहने वाले ज्ञानी बाबा मेरे को कोटकासिम मे मिलते थे। इन दोनों का SDM कोटकासिम रामकिशोर मीणा के पास आना जाना था, इन्होने मुझे कहा कि हम एसडीएम साहब से तेरा फैसला करा देगें, दिनांक 12.12.2023 को राजाराम ने अपने मोबाईल नम्बर 9636496217 से मेरे मोबाईल नम्बर 9799265858 पर कॉल करके मुझे कहा कि आप कहां हो कोटकासिम आ जाओ, एसडीएम साहब बुला रहे है, आपके मुकदमें का काम कराते है। इसके बाद मैं भिवाडी से रवाना होकर कोटकासिम राजाराम की दुकान पर पहुंचा जहां पर राजाराम और ज्ञानी बाबा दोनो मुझे मिले, इन दोनो ने मुझे कहा कि हमारी एसडीएम साहब रामकिशोर मीणा से बात हो गई है आपके मुकदमें मे फैसला आपके हक में एसडीएम साहब कर देगें, उसके लिए आपको अभी 5 लाख रूपये देने पडेगे। उसके बाद हम आपको एसडीएम साहब से मिला देगें। मैने उसी समय मजबुरी के कारण मेरे स्तर पर थोडी देर मे पांच लाख रूपये लेकर राजाराम की दुकान पर आया और ज्ञानी बाबा की मौजुदगी मे पांच लाख रूपये राजाराम को दिये, इसके बाद ज्ञानी बाबा मेरे को साथ लेकर एसडीएम रामकिशोर मीणा के सरकारी निवास पर लेकर गया, जहां पर ज्ञानी बाबा ने एसडीएम से मेरा परिचय कराया और बताया कि इनके मुकदमें मे फैसला इनके हक मे करना है। इन्होने पांच लाख रूपये अभी राजाराम को इस काम के दे दिये है। एसडीएम रामकिशोर मीणा ने मुझे कहा कि आपके मुकदमें के फैसले से आपके पास छः बीघा जमीन आ जायेगी, इसलिए पांच लाख रूपये से कुछ नही होगा, आपको 12.50 लाख रूपये और देने पडेगे, मैने कहा कि यह तो बहुत ज्यादा है तो एसडीएम रामकिशोर मीणा ने कहा फैसला कराना है तो 12.50 लाख और देने पडेगे और एसडीएम साहब ने हमारे सामने कॉल करके एक आदमी को बुलाया और कहा कि यह विक्रम सिंह है। आप फैसला कराने के लिए 12.50 लाख रूपये विक्रम को दे देना, आप लोग एक दुसरे के मोबाईल नम्बर ले लो। उसके बाद मैने और विक्रम ने एक दुसरे के मोबाईल नम्बर ले लिये और मैं ज्ञानी बाबा और विक्रम बाहर आ गये। बाहर आने पर विक्रम ने मुझे कहा कि आपके पास 12.50 लाख रूपये की व्यवस्था हो जाये तो मुझे कॉल कर देना, दिनांक 14.12.2023 को विक्रम के मोबाईल नम्बर 97722138166 से मेरे मोबाईल पर विक्रम ने कॉल करके कहा कि एसडीएम साहब पूछ रहे है क्या हुआ तो मैने कहा कि विक्रमजी 12.50 लाख रूपये ज्यादा है कुछ कम कराओ तो विक्रम बोला आप आ जाओ बैठ कर बात करेगें, इस प्रकार एसडीएम कोटकासिम रामकिशोर मीणा मेरे मुकदमें मे फैसला करने के लिए अपने दलाल राजाराम और ज्ञानी बाबा के माध्यम से पांच लाख रूपये की रिश्वत ले चुका है और अब ज्ञानी बाबा व राजाराम और विक्रम के माध्यम से 12.50 लाख रूपये रिश्वत के और मांग रहा है। मैं एसडीएम कोटकासिम रामकिशोर मीणा और इनके दलालों को रिश्वत नही देना चाहता और इनको पकडवाना चाहता हूं। मैने 12.12.2023 को राजाराम और 14.12.2023 को विक्रम के मोबाईल पर हुई वार्ताओं को मेरे मोबाईल मे रिकॉर्ड कर रखा है। उपरोक्त

तहरीरी रिपोर्ट अति. पुलिस अधीक्षक भ्र.नि.ब्यूरो जयपुर नगर द्वितीय, जयपुर ने अग्रिम कार्यवाही हेतु मन उप अधीक्षक को, सुपुर्द की व परिवादी का परिचय करवाया। दरियाफ्त पर परिवादी ने यह प्रार्थना पत्र स्वंय द्वारा लिखना बताया और परिवादी ने बताया कि मेरी इनसे कोई दुश्मनी नही है और ना ही लेनदेन बकाया है। परिवादी श्री गजराज सिंह यादव से आईडी एवं एसडीएम कोटकासिम मे इनके विचाराधीन प्रकरण से संबंधित प्रति प्राप्त की। परिवादी द्वारा प्रार्थना पत्र में अंकित किया गया है कि दिनांक 12.12.2023 को राजाराम ने स्वंय के मोबाईल से मेरे मोबाईल पर कॉल करके मुझे कहा कि कोटकासिम आ जाओ एसडीएम साहब बुला रहे है तथा दिनांक 14.12.2023 को विक्रम ने स्वंय के मोबाईल से कॉल करके मुझे कहा कि एसडीएम साहब पुछ रहे है क्या हुआ तो मैने कहा कि 12.50 लाख रूपये ज्यादा है कुछ कम कराओं तो विक्रम बोला आ जाओ बैठ कर बात करेगें। इन दोनो वार्ताओं को परिवादी गजराज सिंह यादव द्वारा स्वंय के मोबाईल मे रिकॉर्ड होना बताया जिनकी पुष्टी हेतु उपस्थित परिवादी गजराज सिंह यादव के मोबाईल की ऑडियो फाईल में मौजुद इन दोनो रिकॉर्ड वार्ताओं को सुना गया तो परिवादी द्वारा इस संन्दर्भ मे दर्ज कराये गये कथन की पुष्टी होना पाया गया। परिवादी को इन वार्ताओं को स्वंय के मोबाईल मे सुरक्षित रखने की हिदायत की गई। इस प्रकार परिवादी गजाराज सिंह यादव द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र, मजीद दरियाफ्त, परिवादी के मोबाईल मे दर्ज वार्ताओं से प्रथम दृष्टया एसडीएम कोटकासिम श्री रामकिशोर मीणा द्वारा परिवादी गजराज सिंह यादव से उसके रेवन्यु संबंधी मुकदमें मे फैसला करने के लिए अपने दलालों राजाराम, ज्ञानी बाबा व विक्रम के माध्यम से 12.50 लाख रूपये रिश्वत की मांग करने की पुष्टी होती है। अतः परिवादी गजराज सिंह यादव को एसडीएम कोटकासिम के पास जाकर स्वंय के कार्य के संबंध में वार्ता कर रिश्वत मांग सत्यापन की प्रक्रिया के बारे मे समझाईस की गई तो परिवादी ने बताया कि आज शुक्रवार होने के कारण एसडीएम साहब जयपुर आ जाते है, इसलिए वो सोमवार को ही मिलेगें। अतः आप सोमवार को प्रातः दस-ग्यारह बजे कोटकासिम आकर मेरे से सम्पर्क कर लेना। इस पर परिवादी गजराज सिंह यादव को गोपनीयता बरतने की हिदायत कर रूखसत किया। दिनांक 18.12.2023 को मन उप अधीक्षक पुलिस मय श्री सुरेन्द्र सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, विरेन्द्र कानि0 66 , राजेन्द्र सिंह कानि055 के निजी वाहन से मय डिजीटल वाईस रिकॉर्डर, एसडी कार्ड, लेपटॉप, प्रिन्टर के वास्ते मांग सत्यापन हेतु ब्यूरो कार्यालय से रवाना होकर परिवादी गजराज सिंह यादव से हुई वार्ता (वाटसअप कॉल) के मुताबिक एनएच 8 से होता हुआ कसौला चौक होता हुआ कोटकासिम के पास बुढी बावल के बाहर पहुंचा जहां पर परिवादी गजराज सिंह यादव उपस्थित मिला जिसने मुझ उप अधीक्षक को बताया कि मै मेरे एसडीएम कोर्ट कोटकासिम मे विचाराधीन जमीन दुरूस्तीकरण के वाद जिस फैसला मेरे हक मे करने के लिए एसडीएम कोटकासिम रामकिशोर मीणा जी मेरे से 12.50 लाख रूपये की रिश्वत की मांग कर रहा है उससे मैं वार्ता करने जाउंगा तो एसडीएम रामकिशोर मीणाजी मेरे से डायरेक्ट बात नही करेगा क्योंकि पहले भी जब एसडीएम कोटकासिम ने मेरे से रिश्वत मांगी थी, उस समय बूढी बावल का रहने वाला जिनका नाम ज्ञानी जी है और उनको बाबा के नाम से जानते है मौजुद थे, उनके सामने ही एसडीएम कोटकासिम मीणाजी ने मेरे से 12.50 लाख रूपये की रिश्वत की मांग की थी इसलिए मैं मेरे साथ सत्यापन वार्ता करते समय ज्ञानी बाबा को उपरोक्त तथ्य बताये बिना ज्ञानी बाबा को एसडीएम से बात करके 12.50 लाख रूपये की रिश्वत राशि मे से कुछ राशि कम करने की बात कहकर बात करने के लिए ले जाना चाहता हूं। क्योंकि उनकी उपस्थिति के बिना एसडीएम कोटकासिम मेरे से वार्ता नही करेगा। परिवादी गजराज सिंह यादव के द्वारा बताये गये उपरोक्त तथ्यों व परिस्थिति के अनुसार परिवादी को बूढी बावल के ज्ञानी बाबा को उपरोक्तानुसार सत्यापन वार्ता मे शामिल करने की सहमती प्रदान की। उपस्थित परिवादी गजराज सिंह यादव ने बताया कि बूढी बावल मे अन्दर की तरफ कोटकासिम रोड पर ज्ञानी बाबा का घर व खेत है, मैं उनके पास जाकर एसडीएम के पास चलने के लिए पूछकर आपके पास आता हूं। उसके बाद परिवादी गजराज सिंह यादव उपस्थित आया और बताया कि मैं ज्ञानी बाबा के पास गया और उनको कहा कि आप मेरे साथ एसडीएम साहब कोटकासिम के पास चलो मैं उनसे बात करके उनके द्वारा मांगी गई 12.50 लाख रूपये की रिश्वत राशि को कम कराना चाहता हूं आप नही चलोगे तो आपके बिना एसडीएम साहब मेरे से बात नही करेगे, इस पर ज्ञानी बाबा ने एसडीएम के बारे मे मालूम करके मुझे कहा कि अभी एसडीएम मीणाजी ऑफिस मे नही है, कैम्प मे गये हुये है, उनसे बात हो जायेगी तो मैं आपको कॉल करके बुला लुंगा तब अपन एसडीएम के पास चलेगें। जिस पर मन उप अधीक्षक मय हमराहियान के अपनी उपस्थिति छुपाते हुये मुकीम हुआ तथा परिवादी को हिदायत की कि हम आसपास ही है आपके पास ज्ञानी बाबा का फोन आये तो आप मुझे कॉल करके बताना ताकि सत्यापन वार्ता के लिए जाने से पूर्व आपको डिजीटल वाईस रिकॉर्डर की इस्तेमाली प्रक्रिया समझाईस कर सुपुर्द किया जा सके। समय 06.15 पीएम पर परिवादी गजराज सिंह यादव ने मन उप अधीक्षक से वार्ता कर बूढी बावल से आगे टोल टैक्स पार कर कसौला चौक जाने वाले रास्ते पर उपस्थित आया तथा बताया कि ज्ञानी बाबा से मेरी बात हुई थी उन्होने बताया कि एसडीएम कोटकासिम मीणाजी कैम्प से वापिस ऑफिस नही आये है और सीधे ही किसी कार्यक्रम मे चले गये है इसलिए आज आपके काम के बारे मे एसडीएम के पास चलकर बात नही हो पायेगी। कल बूढी बावल मे कैम्प है वहां पर एसडीएम भी आयेगा तो वही पर आपके काम के बारे मे बात कर लेगें। इस पर परिवादी को गोपनीयता बरतने, कल दिनांक 19.12.2023 को प्रातः उपस्थित मिलने व अन्य कोई तथ्य ज्ञात होने पर बताने की हिदायत कर रूखसत किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र सिंह मय श्री राजेन्द्र कानि के रवाना जयपुर हुये। मन उप अधीक्षक पुलिस मय श्री

विरेन्द्र कानि0 के पास ही एनएच 8 पर बावल चौक पर मुकीम हुआ। दिनांक 19.12.2023 को 12.05 पीएम पर मन उप अधीक्षक मय विरेन्द्र कानि0 के बूढी बावल के बाहर पहुंचा जहां पर परिवादी गजराज सिंह यादव उपस्थित मिला जिसने मन उप अधीक्षक को बताया कि ज्ञानी बाबा ने कल कहा था कि आज बूढी बवल मे ही कैम्प है जहां पर एसडीएम कोटकासिम रामकिशोर मीणा साहब भी उपस्थित आयेगे जिनसे मेरे मुकदमें की बात होनी है इसके लिए मैं आपके पास आ रहा था तो बूढी बावल के बाहर ही मुझे ज्ञानी बाबा मिला गया जिन्होने मुझे कहा कि एसडीएम कोटकासिम रामकिशोर मीणा से मेरी बात हो गयी, मैने आपके के लिए कहा था तो उन्होने बात करने के लिए दो दिन बाद गुरूवार को बुलाया है। इस पर परिवादी गजराज सिंह यादव द्वारा बताये गये उपरोक्त तथ्यों के अनुसार सत्यापन वार्ता दो दिन पश्चात दिनांक 21.12.2023 को होना सम्भावित है अतः परिवादी को गोपनीयता बरतने, इस संन्दर्भ मे कोई भी अन्य तथ्य ज्ञात होने पर अवगत कराने की हिदायत कर रूखसत किया गया। मन उप अधीक्षक मय विरेन्द्र कानि. वाहन के रवाना होकर ब्यूरो कार्यालय जयपुर पहुंचा। दिनांक 21.12.2023 को समय 05.00 एएम पर मन उप अधीक्षक पुलिस मय राजेन्द्र सिंह कानि0, विरेन्द्र कानि0, के निजी वाहन से मय डिजिटल वाईस रिकॉर्डर, एसडी कार्ड, लेपटॉप, प्रिन्टर के वास्ते मांग सत्यापन हेतु ब्यूरो कार्यालय से रवाना होकर समय 07.15 एएम पर कसौला चौक एनएच 8 पर पहुंच कर परिवादी गजराज सिंह यादव से जरिये मोबाईल वार्ता की तो परिवादी ने बुढी बावल के बाहर मिलने की बताने पर 07.40 एएम पर उपरोक्त का रवानाशुदा मन उप अधीक्षक मय हमराहियान के बूढी बावल के बाहर मैन रोड पर पहुंचा जहां पर परिवादी गजराज सिंह यादव एक अन्य व्यक्ति के साथ मौजुद मिला। उपस्थित परिवादी गजराज सिंह यादव ने मन उप अधीक्षक को स्वंय के साथ मौजुद व्यक्ति के बारे मे बताया कि यह मेरा भतीजा सतीश है इसको मैने मेरे द्वारा करवाई जा रही कार्यवाही के बारे मे बताया है क्योंकि आपके 19 तारीख को जाने के बाद शाम के समय ज्ञानी बाबा का उसके मोबाईल नम्बर 7357770725 से मेरे पास फोन आया था और बाबा ने मेरे को कहा कि मेरी बात एसडीएम से और उसके दलाल दोनो से हो गयी है और उन्होने तेरा फैसला करने के लिए राशि कम करके 8.50 लाख रूपये लेने की बात कही है तो मैने बाबा को कहा कि यह तो ज्यादा है बाबा ने कहा कि एसडीएम ने कहा है कि 8.50 से एक रूपया भी कम नही लुंगा, नही तो तेरे पहले दिये हुये पैसे (पांच लाख रूपये) वापिस ले जाना। इस पर मैने बाबा को कहा कि आप मेरी एक बार बात करा दो एसडीएम से तो बाबा ने कहा कि तेरे से एसडीएम बात नही करेगा और ना ही मिलेगा। मैने बाबा को कहा कि एक बार बात करा दो, मैं कुछ कम करने के लिए कहुंगा तो बाबा ने मुझे 20 तारीख को 11 बजे आने के लिए कहा है कि आ जाना, बात कर लेना अगर वो करे तो। इसके बाद 20 तारीख को मेरे मोबाईल पर राजाराम के मोबाईल से कॉल आया और राजाराम ने मेरी ज्ञानीराम बाबा से बात कराई तो बाबा ने मुझे कहा कि आपने कल कहा था ना मुझे एसडीएम से मिलना है तो मैं आज सुबह राजाराम के पास आया और एसडीएम के पास जाकर आये तो एसडीएम ने कहा कि उसने वो खुद 12 लाख की हां करके गया था अब 8.50 लाख रूपये से दस पैसे भी कम नही करूंगा, फैसला मैने दे दिया है अगर वो 8.50 लाख रूपये नही देगा तो फैसले मे डीएलसी रेट भरने का नोट लगा जावुंगा जिससे आपको 25 लाख रूपये जमा कराने पडेगें, इसके बाद मैने बाबा को कहा कि एसडीएम मेरी बात नही समझा, मैं यह कहना चाह रहा हूं कि अब मेरा भाई मेरे उपर विश्वाश नही कर रहा है इसलिए मुझे एसडीएम से मिलना है मेरे को कन्फर्म करने की जरूरत नही है एसडीएम मेरे भाई के बच्चे के सामने बोल दे तो मैं दे दुंगा 8.50 लाख रूपये। इसके बाद ज्ञानी बाबा ने राजाराम से मेरी बात कराई तो मैने राजाराम को भी कहा कि मैने मेरे भाई को बताया कि 12.50 लाख रूपये और देने पडेगे तो मेरे भाई की हार्टबीट तेज हो गयी और उसको अस्पताल भर्ती करना पडा, अब मेरा भाई मेरे उपर विश्वास नही कर रहा और वो कहता है कि मेरे सामने एसडीएम से 8.50 लाख रूपये की कहलावो तभी मैं पैसा दुंगा। अब मेरा भतीजा आया हुआ है उसके सामने एसडीएम से कहलवा दो, मैं 8.50 लाख रूपये दे दुंगा तो राजाराम ने कहा कि आपकी बात बिल्कुल सही है, एसडीएम ने दुबारा डिमाण्ड (पांच लाख लेने के बाद) 12.50 लाख की है वो बहुत गलत है तब मैने कहा कि यही तो बात है इसलिए तो मैं कह रहा हूं मेरे भतीजे के सामने एसडीएम से बात करा दो, मैं 8.50 लाख दे दुंगा तब राजाराम ने कहा कि तो ठीक है आपके भतीजे के साथ एसडीएम से मिला देगें तो ज्ञानी बाबा ने कहा कि आ जाना तु भतीजे को लेकर एसडीएम के पास चल चलेगें, मैं एसडीएम से इतना कहला दुंगा कि इस फैसले में डीएलसी से 25 लाख रूपये बनते है इसलिए 12 तो देने पडेगे। इसके बाद मैने कहा कि फिर ये कहलवा देना कि बाबा के कारण रियायत करके 8.50 लाख रूपये देने पडेगें। इस पर बाबा ने कहा कि ठीक है तु कल सुबह जल्दी मेरे पास भतीजे के साथ आ जाना। अपन एसडीएम के पास चल चलेगें। यह बात मैने कल आपको वाटसकॉल से बताई थी तथा परिवादी गजराज सिंह यादव ने बताया कि बाबा और राजाराम के इन दोनो फोन कॉल को मैने मेरे फोन मे रिकॉर्ड कर रखा है। इस पर परिवादी के मोबाईल से इन दोनो मोबाईल कॉल की रिकॉर्डिग सुनी तो परिवादी के बताये गये तथ्यों की पुष्टी होने पर परिवादी को दोनो रिकॉर्डिग सुरक्षित रखने की हिदायत की। उपस्थित परिवादी ने बताया कि मैने बाबा और राजाराम से हुई बातों के अनुसार एसडीएम के पास वार्ता करने के लिए जाने के लिए मेरे भतीजे को बुलाया है। इस पर उपस्थित व्यक्ति से नाम पता पुछा तो उसने अपना नाम सतीश पुत्र महादेव सिंह यादव उम्र 43 साल, निवासी बिरामपुर तहसील तिजारा जिला अलवर मोबाईल नम्बर 9799748463 बताया और परिवादी गजराज द्वारा कार्यवाही की जानकारी होना तथा इनके साथ सत्यापन वार्ता हेतु जाने की सहमती/इच्छा जताई,उपस्थित परिवादी ने बताया कि

राजाराम और बाबा से हुई बातों के अनुसार एसडीएम से वार्ता करने जाने के लिए मेरे भतीजे की आवश्यकता होने के कारण मेरा भतीजा (मेरे भाई कंवर सिंह का बच्चा रिंकु बाहर एयरफोर्स मे सर्विस करने के कारण आ नही सकता इसलिए मैने सतीश को बुलाया है जो मेरे साले का लडका भतीजा है) सतीश मेरे साथ जायेगा। इस प्रकार उपरोक्त तथ्यों एव परिस्थिति के अनुरूप परिवादी गजराज सिंह यादव को एसडीएम कोटकासिम रामकिशोर मीणा के पास ज्ञानी बाबा को साथ लेकर सत्यापन वार्ता हेतु जाने की कार्यवाही में परिवादी गजराज सिंह यादव के भतीजे सतीश को शामिल किया तथा स्वंय के पास से डिजीटल वाईस रिकॉर्डर निकाल कर उसकी इस्तेमाल प्रक्रिया परिवादी गजराज सिंह यादव को समझाईस कर इसमे नया एसडी कार्ड डालकर परिवादी को सुपुर्द किया व हिदायत कर परिवादी व सतीश को सत्यापन वार्ता हेतु समय करीब 07.55 एएम पर परिवादी की कार से रवाना कर मन उप अधीक्षक पुलिस मय हमराहियान के परिवादी की गाडी के पीछे पीछे रवाना हुये। रास्ते में परिवादी गजराज सिंह यादव बूढी बावल से कोटकासिम जाने वाले रास्ते पर पहुंच कर एक मकान/खेत के आगे रूका व परिवादी गजराज उतर कर अन्दर गया तथा अन्दर से एक वृद व्यक्ति को साथ लेकर आया व अपनी गाडी मे बैठाकर कोटकासिम के लिए रवाना होकर कोटकासिम मैन रोड पर बस स्टेण्ड के पास रूका जहां पर गाडी मे से उतरकर वृद्व व्यक्ति जो परिवादी के साथ आया था। वहीं पास से सब्जी की थैली और एक केतली लेकर सामने स्थित सरकारी क्वार्टर मे जाता दिखा तथा परिवादी व उसका भतीजा सतीश वही गाडी के बाहर मैन रोड पर खडे रहे। करीब 15-20 मिनट बाद वृद व्यक्ति वापिस आया और वो परिवादी के पास आकर बात की तथा उसके बाद तीनों गाडी मे बैठकर वापिस बूढी बावल की तरफ रवाना हुये। जिस पर मन उप अधीक्षक मय हमराहियान के वहीं अपनी उपस्थिति छुपाते हुये मुकीम हुआ तथा इस दौरान गोपनीय रूप से वृद व्यक्ति जो सरकारी क्वार्टर मे गया था के बारे मे मालूम किया तो ज्ञात हुआ कि यह क्वार्टर एसडीएम कोटकासिम का सरकारी निवास स्थान है। तत्पश्चात समय करीब 09.15 एएम पर परिवादी गजराज सिंह यादव ने वाटसअप कॉल कर अवगत कराया कि मैने ज्ञानी बाबा को उसके घर पर छोड दिया है। आप कोटकासिम से बूढी बावल रोड पर टोल के पास मिलो। जिस पर मन उप अधीक्षक पुलिस मय हमराहियान के बूढी बावल रोड पर स्थित टोल पर पहुंचा जहां पर परिवादी गजराज सिंह यादव व उसका भतीजा मौजुद मिला। परिवादी ने डिजीटल वाईस रिकॉर्डर बन्द अवस्था मे मुझे सुपुर्द कर बताया कि मैं व मेरा भतीजा आपके पास से रवाना होकर बूढी बावल से ज्ञानी बाबा को साथ लेकर कोटकासिम पहुंचे जहां पर ज्ञानी बाबा ने बस स्टेण्ड के पास गाडी रूकवा कर कहा मैं एसडीएम साहब के पास जाकर उनसे बात करके आपको बुलाता हूं तब तकं आप यही पर इन्तजार करो तब मैं व सतीश वहीं मैन रोड पर खडे हो गये और ज्ञानी बाबा सब्जी व एक केतली लेकर सामने स्थित सरकारी क्वार्टरों की तरफ चला गया तथा करीब 20 मिनट बाद ज्ञानी बाबा वापिस आया और बोला कि एसडीएम ने मिलने से बिल्कुल मना कर दिया है कि मैं नही मिलुगा, क्या पता कोई रिकॉर्डिंग कर ले और मेरे को मरा दे। इस पर मैने कहा कि मेरा भाई विश्वास नही कर रहा, आप एक बार मुझे न सही मेरे भतीजे को अकेला ले जाकर एसडीएम से मिला कर बात करा दो तो बाबा ने मेरे भतीजे की उपस्थिति में काफी विस्तृत बात की और बोला कि भाई देख परसो तो मेरे को एसडीएम ने कहा था कि बुला ले पर आज जब मैं उसके पास गया तो पहले बोला बुला लो उसके बाद उसकी घर वाली जो सांगानेर मे प्रिसीपल है आई हुई है वो बाहर की तरफ आई तो उसके साथ अन्दर चला गया और बाद मे आकर एसडीएम बोला कि मैं किसी से नही मिलुंगा क्या पता कोई रिकॉर्डिंग कर ले, मोबाईल से विडियो बना ले, मै तो बरबाद हो जावुंगा फिर मेरे भतीजे को बाबा ने कहा कि देख भई विश्वास तेरे को करना पडेगा, मेरे उपर विश्वास कर, पांच तुम्हारे पहले आये है, वो मैने पुरे दे दिये अब 8.50 लाख रूपये एसडीएम और मांग रहा है और वो मिलेगा नही और एसडीएम ने कहा है कि फैसला तो मैने आपने गारण्टी दी थी तभी ही लिखा दिया था साईन नही किये है और 8.50 लाख रूपये देवो और साईन करा लो नही तो एसडीएम यह भी कह रहा है कि डीएलसी रेट का नोट फैसले मे लगा दुंगा तो 25 लाख रूपये जमा कराने पडेगें। इसलिए तुम सोच लो विश्वास करके 8.50 लाख दे दो, वैसे भी फैसले से 6 बीघा जमीन आयेगी, यह मानो एक बीघा जमीन गई, पांच तो बचेगी और इस बारे मे बाबा ने मेरे से और भतीजे से काफी बाते की है जो मैने वाईस रिकॉर्डर मे रिकॉर्ड की है। इसके बाद हमने ज्ञानी बाबा को उसके घर छोड दिया था। उसके बाद मन उप अधीक्षक पुलिस ने वाईस रिकॉर्डर को चलाकर वार्ता को सरसरी तौर पर सुना तो परिवादी द्वारा बताये तथ्यों की पुष्टी हुई। अब तक के तथ्यों के अनुरूप एसडीएम कोटकासिम रामकिशोर मीणा परिवादी गजराज सिंह यादव के प्रकरण में फैसला करने और उसमें डीएलसी रेट से राशि जमा कराने का नोट नही लगाने के लिए पूर्व मे अपने दलालों के माध्यम से लिये गये पांच लाख रूपये की रिश्वत राशि के अतिरिक्त 8.50 लाख रूपये की रिश्वत राशि दलालों के माध्यम से प्राप्त करने के तथ्य परिलक्षित होते है परन्तु एसडीएम कोटकासिम परिवादी गजराज सिंह यादव अथवा उसके भतीजे के समक्ष किसी प्रकार की कोई वार्ता इस संन्दर्भ मे नही करना चाहता है अतः परिस्थिति के अनुरूप उपस्थित परिवादी गजराज सिंह यादव ने कहा कि आप एसडीएम के दलाल ज्ञानी बाबा, राजाराम, विक्रम मेरे से 8.50 लाख रूपये की रिश्वत राशि प्राप्त करने के लिए मुझे फोन करेगें तो मैं उनको पैसो की व्यवस्था नही होने तथा मेरे भाई अथवा भतीजे को रूबरू कर एसडीएम से रिश्वत राशि के बारे मे तसल्ली देने के लिए कहुंगा तथा इस बारे मे जो भी प्रगति होगी आपको अवगत करवा दुंगा। परिवादी गजराज सिंह यादव को गोपनीयता बरतने की हिदायत कर रूखसत किया तथा मन उप अधीक्षक मय हमराहियान के उच्चाधिकारियों के हालात निवेदन कर रवाना होकर ब्यूरो कार्यालय जयपुर पहुचा। डिजीटल वाईस रिकॉर्डर

को सुरक्षित कार्यालय की अलमारी में रखा गया। दिनांक 14.02.2024 को समय करीब 01.00 पीएम पर परिवादी श्री गजराज सिंह यादव उपस्थित कार्यालय आया व मन उप अधीक्षक पुलिस को अवगत कराया कि पिछले दिनों मे बाबा ज्ञानीराम ने शुरू में कई बार मेरे को फोन करके एसडीएम कोटकासिम रामकिशोर मीणा को दी जाने वाली 8.50 लाख रूपये रिश्वत राशि के लिए तकाजा किया परन्तु मैं उसे मेरे भाई/भतीजे को रूबरू कराने और पैसे की व्यवस्था नही होने की बात कहता रहा। इसके बाद मुझे पता चला कि एसडीएम कोटकासिम ने मेरे प्रकरण मे बैकडेट में फैसले पर हस्ताक्षर कर दिये है और उसमे डीएलसी रेट जमा कराने का नोट लगा दिया है। इससे परेशान होकर मैने कई बार बाबा ज्ञानीराम को एसडीएम के पास चलकर मेरे पांच लाख रूपये एसडीएम से वापिस दिलाने की बाते की तो ज्ञानीराम मेरे को बहाना बनाकर टालता रहा। दिनांक 23.01.2024 को मैने ज्ञानीराम के मोबाईल पर कॉल करके कहा कि आप एसडीएम के पास चलो और मेरे पांच लाख रूपये वापिस दिलाओ तो ज्ञानीराम ने मुझे कहा कि तुने पांच लाख रूपये राजाराम को दिये थे, राजाराम से बात कर। इसके बाद मैने राजाराम के मोबाईल पर बात की और उसको कहा कि बाबा बोल रहा है कि पांच लाख रूपये एसडीएम को देने के लिए मैने आपको दिये थे, आप मेरे पांच लाख रूपये दिलाओ तो राजाराम ने मेरे से कन्नी काटते हुये कहा कि मैने बिच मे आपके लिए काम किया अब मुझे इस मैटर से कोई लेनादेना नही है आप जानो और बाबा जाने। इस प्रकार ज्ञानीराम बाबा और राजाराम दोनों ने एसडीएम कोटकासिम के लिए ली गई पांच लाख रूपये की राशि वापिस दिलाने से मना कर दिया तो मैं इन बातों से परेशान होकर दिनांक 24.01.2024 को करीब 3.30 बजे एसडीएम कोटकासिम रामकिशोर मीणा के मोबाईल नम्बर 9829086213 पर मेरे मोबाईल से कॉल करके कहा कि एसडीएम साहब मैं गजराज यादव बोल रहा हूं खानपुर से मेरा केस है ना आपके पास पांच लाख रूपये दिये है ना मैने आपको तो एसडीएम साहब ने गाली देते हुये मुझे कहा कि किसे दिये है पांच लाख तो मैने कहा कि ऐसे गाली मत बको आप, मेरे पैसे वापिस दो फिर उन्होने फोन काट दिया। उसके बाद मैने एसडीएम को मेरे मोबाईल से वाटसअप मैसेज किया कि एसडीएम साहब आप भी ऑफिसर हो, मैं भी ऑफिसर हूं यह क्या भाषा है मैने पांच लाख दिये है काम नही किया तो मेरे पैसे वापिस देने पडेगे नही तो मैं आपके ऑफिस के आगे आत्मदाह करूंगा और दुसरे मैसेज मैने एसडीएम को लिखा कि आपने अपने घर पर मेरे से 12.50 लाख रूपये मांगे थे उनकी रिकॉर्डिंग भी है और पांच लाख रूपये जो दिये थे उनके नम्बर भी है, आप मेरे पांच लाख रूपये वापिस करो नही तो मैं सारी रिकॉर्डिंग लेकर कलेक्टर साहब के पास जावुंगा। इसके बाद दिनांक 25.01.2024 को ज्ञानीराम बाबा का मेरे पास फोन आया और उसने कहा कि तुने ये क्या कर रखा है कई जगह लफडा फैला रखा है, तुने पांच दिये थे ना उसमे से मेरे 35-36 हजार रूपये जो सब्जी घी वगैरहा मे खर्च हो गये तो पच्चास हजार रूपये काटुंगा और तेरे को 4.50 लाख रूपये ला दु क्या तो मैने कहा कि आपके पास एसडीएम का फोन आया था क्या तो बाबा ने कहा कि मैने तेरे को मना कर दिया था ना कि मैं नही चलुंगा पैसे दिलाने और मैं कुछ नही कहुंगा उसके बाद मेरे बच्चे ने भी कहा कि इस मैटर को सल्टाओ और एसडीएम साहब ने भी फोन किया था कि उसको बुला लो और मन मुटाव मत रखो पैसे वापिस दे दो अब मैं तेरे को 4.50 लाख रूपये ला दुंगा पर तेरे को सारी रिकॉर्डिग वगैरहा मिटानी पडेगी। एसडीएम का एक आदमी कल 4.50 लाख रूपये लेकर आयेगा तु राजाराम को लेकर प्लाट पर आ जाना। इसके बाद 26.01.2024 को ज्ञानीराम बाबा का दो तीन मेरे मोबाईल पर फोन आया जिसमे बाबा ने मेरे को कहा कि तु अब तक आया नही मैने कहा कि धुन्ध हो रही है,आ ही रहा हूं एसडीएम के आदमी आ गये क्या पैसे लेकर तो बाबा ने कहा कि आ जायेगे तु तो आ जा कुए पर आ जा। इसके बाद मैं करीब 1 बजे ज्ञानीराम बाबा के बूढी बावल स्थित खेत/कुए पर गया जहां पर बलवन्त यादव उर्फ बिलु ग्राम मकडावा तहसील कोटकासिम ने ज्ञानीबाबा के सामने मुझे 4.50 लाख रूपये दिये और कहा कि एसडीएम साहब ने भिजवाये है पर आपको आपके मोबाईल की रिकॉर्डिंग और मैसेज डिलीट करने पडेगें। इस पर मैने 4.50 लाख रूप्ये ज्ञानीबाबा की उपस्थिति में बिल्लु से प्राप्त कर लिये और इस दौरान बिल्लु ने मेरे मोबाईल के वाटसअप से एसडीएम कोटकासिम को किये गये वाटसअप मैसेज को डिलीट कराया था। मैने बिल्लु को रिकॉर्डिग डिलीट करने का आश्वासन दिया था परन्तु मैने यह रिकॉर्डिंग डिलीट नही की थी। ज्ञानीराम बाबा, राजाराम, एसडीएम व विक्रम सिंह से मेरे प्रकरण से संबंधित वार्ताएं मेरे द्वारा मेरे मोबाईल में रिकॉर्ड की गई थी जो मेरे मोबाईल मे सुरक्षित है तथा इन मोबाईल वार्ताओं की एक सीडी भी मैं साथ लेकर आया हूं। उपस्थित परिवादी गजराज सिंह यादव ने कहा कि मेरे पास जो भी रिकॉर्डिग और तथ्य है उनके अनुसार मैं आगे कार्यवाही कराना चाहता हूं। इस प्रकार परिवादी गजराज सिंह यादव द्वारा बताई गई उपरोक्त मोबाईल वार्ताओं को बारी बारी परिवादी के मोबाईल व परिवादी द्वारा प्रस्तुत सीडी से सुना गया तो परिवादी द्वारा बताये गये तथ्यों की पुष्टी होती है। परिवादी गजराज सिंह यादव द्वारा न्यायालय उपखण्ड अधिकारी कोटकासिम, खैरथल तिजारा राजस्थान द्वारा दावा संख्या 46 रजू दिनांक 19.04.2010 में दिनांक 18.12.2023 के निर्णय की फोटोप्रति प्रस्तुत की जो रामकिशोर मीणा उपखण्ड अधिकारी कोटकासिम द्वारा दिया गया है। निर्णय की प्रति को बाद अवलोकन शामिल पत्रावली किया गया।
उपरोक्तानुसार परिवादी गजराज सिंह यादव द्वारा अपने मोबाईल में राजाराम, विक्रम, ज्ञानीराम बाबा,एसडीएम रामकिशोर मीणा से मोबाईल पर हुई वार्ताएं जो परिवादी के मोबाईल मे रिकॉर्ड है तथा इन वार्ताओं से संबंधित सीडी जो परिवादी द्वारा प्रस्तुत की गई है में दर्ज है को प्रकरण मे अग्रीम कार्यवाही हेतु स्वतंत्र गवाहान की उपस्थिति में सुना जाकर ट्रांसक्रिप्ट बनाई जाकर वार्ताओं को बतौर साक्ष्य प्राप्त करना है जिसके लिए परिवादी गजराज सिंह यादव ने अपनी सहमती

प्रदत्त की है अतः स्वतंत्र गवाह श्री डॉ0 नरेश कुमार सक्सेना व डॉ0 श्री रामजीलाल मीणा वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी, निदेशालय पशुपालन विभाग, लालकोठी टोंक रोड जयपुर को तलब कर गजराज सिंह यादव परिवादी से परिचय कराया तथा उनके द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के तथ्यों से अवगत करवा कर परिवादी गजराज सिंह यादव के मोबाईल तथा सीडी मे दर्ज वार्ताओं को परिवादी व गवाहान के समक्ष कार्यालय लेपटॉप की सहायता से सुना गया तो इसमें परिवादी द्वारा बताई गई कॉल रिकॉर्डिंग दर्ज होना पाया गया। सीडी मे दर्ज मोबाईल कॉल रिकॉर्डिंग फाईलों का परिवादी गजराज सिंह यादव के मोबाईल से मिलान किया गया तो सीडी मे दर्ज कॉल रिकॉर्डिंग परिवादी के मोबाईल मे माई फाईल्स के इन्टरनल स्टोरेज में रिकॉर्डिंग के कॉल फोल्डर में नियत दिनांक पर दर्ज है। बाद मिलान परिवादी द्वारा प्रस्तुत सीडी में दर्ज कॉल रिकॉर्डिंग की शब्द बशब्द ट्रांसक्रिप्ट तैयार की गई। वार्ताओं को सुनकर गवाहान के समक्ष परिवादी गजराज सिंह यादव ने गजराज के सामने दर्ज वार्ता की आवाज स्वंय की, बाबा के सामने दर्ज वार्ता की आवाज बाबा ज्ञानीराम की, राजाराम के सामने दर्ज वार्ता की आवाज राजाराम की, विक्रम के सामने दर्ज वार्ता की आवाज विक्रम की, एसडीएम रामकिशोर मीणा के सामने दर्ज वार्ता की आवाज एसडीएम कोटकासिम श्री रामकिशोर मीणा की होने की पहचान की। इसके पश्चात् परिवादी गजराज सिंह यादव द्वारा प्रस्तुत कॉल रिकॉर्डिंग सीडी से अनुसंधान अधिकारी हेतु कार्यालय से एक खाली सी.डी. की व्यवस्था की जाकर दोनों गवाहान एवं परिवादी श्री गजराज सिंह यादव के समक्ष इस सीडी में परिवादी द्वारा प्रस्तुत सीडी की बर्न/राईट कर उसमे कॉल रिकॉर्डिंग का होना सुनिश्चित कर खुली रखी गई तथा परिवादी गजराज सिंह यादव द्वारा प्रस्तुत मूल सीडी की लेपटॉप की सहायता से हैश वैल्यू निकाली जाकर हैश वैल्यू का प्रिन्ट लिया जाकर प्रिन्ट पर गवाहान व परिवादी के हस्ताक्षर करवाकर मूल सीडी को गवाहान व परिवादी के हस्ताक्षर करवाकर प्लास्टिक के कवर मे रखकर एक सफेद कपडे की थैली मे डालकर सिल्ड मोहर कर मार्क A दिया गया। परिवादी द्वारा प्रस्तुत मोबाईल फोन सैमसंग गैलेक्सी एफ 41 मॉडल नम्बर SM-F415F/DS सिरियल नम्बर RZ8N92XZDFW आईएमईआई (स्लॉट 1) 351666441375139 व आईएमईआई (स्लॉट 2) 355622691375135 को परिवादी से अनलॉक करवाकर परिवादी द्वारा प्रस्तुत कॉल रिकॉर्डिंग का मूल सोर्स होने के कारण उक्त मोबाईल को एक कागज के लिफाफे मे डालकर एक सफेद कपडे की थैली मे रखकर सिल्डमोहर किया जाकर मार्क B अंकित किया जाकर गवाहान व परिवादी के हस्ताक्षर करवाये गये। तत्पश्चात उपस्थित गवाहान श्री डॉ0 नरेश कुमार सक्सेना व डॉ0 श्री रामजीलाल मीणा वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी, निदेशालय पशुपालन विभाग, लालकोठी टोंक रोड जयपुर के समक्ष परिवादी श्री गजराज सिंह यादव व परिवादी के भतीजें सतीश की प्राईवेट व्यक्ति ज्ञानीराम बाबा के मध्य दिनांक 21.12.2023 को हुई वार्ताएं जो कार्यालय के डिजिटल वाईस रिकॉर्डर में रिकॉर्डशुदा सुरक्षित कार्यालय की आलमारी में रखी गई थी। उक्त एसडी कार्ड लगे डिजीटल वाईस रिकॉर्डर को स्वतंत्र गवाहान व परिवादी की मौजूदगी में कार्यालय की आलमारी से निकालकर कार्यालय कम्प्यूटर/लेपटॉप की सहायता से सुना गया तो रिकॉर्डशुदा वार्ता में परिवादी गजराज सिंह यादव व परिवादी के भतीजे सतीश की संदिग्ध आरोपी श्री ज्ञानीराम बाबा के द्वारा रिश्वत मांग के संबंध मे की गई वार्ता की शब्द बशब्द ट्रांसक्रिप्ट तैयार की गई। वार्ताओं को सुनकर गवाहान के समक्ष परिवादी गजराज सिंह यादव ने परिवादी के सामने दर्ज वार्ता की आवाज स्वंय की, सतीश के सामने दर्ज वार्ता की आवाज अपने भतीजे सतीश की, बाबा के सामने दर्ज वार्ता की आवाज बाबा ज्ञानीराम की होने की पहचान की। तथा वार्ता रूपान्तरण सही होना स्वतंत्र गवाहान व परिवादी द्वारा स्वीकार किया। रिकॉर्ड वार्ता की सीडी बनवाने हेतु कार्यालय से तीन सीडी मंगवायी जाकर सीडीयां खाली होना सुनिश्चित कर कार्यालय लेपटॉप की सहायता से वाईस रिकॉर्डर मे लगे मूल सोर्स एसडी कार्ड से तीन सीडी तैयार की जाकर तीनों सिडीयों में वाईस क्लिप होना सुनिश्चित कर सीडियों पर क्रमशः मार्क A-1, A-2, A-3 अंकित किया जाकर परिवादी एवं स्वतंत्र गवाहान के हस्ताक्षर करवाकर तीन सीडी मार्क A-1, A-2, को अलग-अलग सीडी कवर में रखकर अलग-अलग कपड़े की थैलियों में रखकर सील मोहर कर थैली पर परिवादी व गवाहान के हस्ताक्षर करवाये गये। सीडी मार्क A-3 (अनुसंधान अधिकारी हेतु) खुली रखी गई। एसडी कार्ड sandisk ULTRA 32 जीबी (मूल सोर्स) जिसमें प्रकरण से संबंधित रिश्वत मांग सत्यापन से संबंधित वार्ताएं दर्ज हैं को एक प्लास्टिक के कवर में रखकर खाली माचिस की डिब्बी में रखकर एक सफेद थैली में रखकर सील्ड मोहर कर संबंधित परिवादी व स्वतंत्र गवाहान के हस्ताक्षर करवाकर मार्क-C दिया जाकर जप्त किया गया। सील्डशुदा आर्टिकल्स जमा मालखाना करवाये गये। परिवादी गजराज सिंह यादव द्वारा प्रस्तुत तहरीरी रिपोर्ट के संबंध में दिनांक 21.12.2023 तक की गई कार्यवाही के दौरान आये तथ्यों तथा उपरोक्त शिकायत को डवलप करने के लिए युनिट प्रभारी तथा उच्चाधिकारियों से विस्तृत विचार विमर्श करने के उपरान्त मामले में एसडीएम कोटकासिम श्री रामकिशोर मीणा द्वारा अपने दलालों ज्ञानीराम बाबा, विक्रम, राजाराम के द्वारा परिवादी गजराज सिंह यादव के एसडीएम कोर्ट कोटकासिम में विचाराधीन प्रकरण में परिवादी के पक्ष में निर्णय करने के लिए पूर्व मे पांच लाख रूपये लेने के उपरान्त प्रारम्भ मे 12.50 लाख रूपये की मांग की गई तथा उसके पश्चात 8.50 लाख रूपये परिवादी से रिश्वत की मांग करने की पुष्टी होने पर ज्ञानीराम बाबा के मोबाईल नम्बर 7357770725 व विक्रम के मोबाईल नम्बर 9772138166 को सक्षम प्राधिकारी से अनुमति प्राप्त कर अन्तावरोध पर लिया गया। अन्तावरोध पर लिये गये उक्त दोनों मोबाईल नम्बर ज्ञानीराम बाबा के मोबाईल नम्बर 7357770725 की 17 कॉल व विक्रम के मोबाईल नम्बर 9772138166 की 04 कॉल कुल 21 कॉल मय वाईस क्लिप्स सीडी व हैश रिपोर्ट के श्री राजेश दुरेजा, उप अधीक्षक पुलिस,

तकनीकी अनुभाग, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान जयपुर के पत्रांक 19 दिनांक 21.02.2024 के द्वारा प्राप्त कर सुनी गई जिनका विवरणः-

